बर्षः- 06
अंकः- 40
मुरादाबाद
(Sunday)
31 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

सूर्या हत्याकांड पर गरमाई सियासतः मायावती बोलीं- घटना चिंताजनक; डिप्टी सीएम ने कहा- हत्यारा छोड़ा नहीं जाएगा

खोड़ा में 11वीं के छात्र सूर्या की चाकू मारकर हत्या हुई। आरोप दोस्त असद और उसके साथियों पर है। इस मामले में मायावती और केशव प्रसाद मौर्य ने कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।गाजियाबाद जिले में ईद पर खोड़ा थाना क्षेत्र की नवनीत विहार कॉलोनी में 11वीं कक्षा के छात्र सूर्या की हत्या मामले में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। मायावती ने एक्स पर लिखा, %यूपी के जिला गाजियाबाद में खोड़ा के एक नौजवान युवक सूर्या चौहान की हुई हत्या की घटना अति दुखद व चिंताजनक है। इस प्रकार की आए दिन हो रही घटनाओं की रोकथाम के लिए शासन व प्रशासन को सही कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान करके उन्हें कानूनी सजा जरूर दी जाए।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, %हत्यारा कोई भी हो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। उसे खोज निकाला जाएगा। हत्या करने वालों को फांसी पर चढ़ाने के लिए जो कार्रवाई होती है वो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकार कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर है। जिन लोगों ने ऐसा अपराध किया है उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।%यह है मामला- उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ईद के त्योहार पर खोड़ा थाना क्षेत्र की नवनीत विहार कॉलोनी में 11वीं कक्षा के छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि हमला सूर्या के दोस्त असद और उसके साथियों ने किया। सूर्या को पहले पेट में चाकू मारा गया। इसके बाद वह चाकू लगे हालत में करीब 200 मीटर तक जान बचाने के लिए भागा। आरोपियों ने पीछा कर उसे गिरा दिया और पेट से चाकू निकालकर दोबारा कई बार वार किए। उपचार के दौरान शुक्रवार को सूर्या ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।मृतक के भाई यश चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका परिवार मूलरूप से एटा के सुखवाबाद का रहने वाला है और खोड़ा में मां, बहन और भाई सूर्या के साथ रहता है। पिता कौशलेंद्र का पहले ही निधन हो चुका है। सूर्या 11वीं का छात्र था। बृहस्पतिवार को सूर्या अपने दो दोस्तों विक्की और आयुष के साथ घर के पास घूम रहा था। उसी दौरान असद ने सूर्या को फोन कर बकरीद पर मिलने के लिए गली नंबर दो में बुलाया। सूर्या अपने दोस्तों के साथ असद के घर की ओर चल दिया।गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र के नवनीत विहार कॉलोनी गली नंबर-एक में रहने वाले सूर्या (17) का शव पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को दोपहर करीब 1ः30 बजे घर पहुंचा। शव के पहुंचते ही बड़ी संख्या में लोग इलाके में एकत्र हो गए। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की है। सूर्या की मां सरोज ठाकुर ने बताया जितने भी आरोपी थे, उन सभी को क्षेत्र में ही एनकाउंटर में मार गिराना होगा। अगर पुलिस यह कार्रवाई नहीं करती है, तब तक शव को घर के सामने से नहीं उठने देंगे। वहीं मौके पर मौजूद हिंदू संगठन व राजनीतिक लोगों ने भी एनकाउंटर की मांग की है। क्षेत्र में भारी तनाव, फोर्स तैनात- हत्या की वारदात सामने आने के बाद से क्षेत्र में लगातार तनाव का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार से ही यहां पुलिस बल तैनात है, वहीं शनिवार को भी पुलिस ने नवनीत विहार की तरफ आने वाली गली में बेरिकेडिंग कर कई थानों के फोर्स को पूरे इलाके में तैनात किया है। मौके पर डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल, एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना और एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद हैं।

संक्षिप्त समाचार

फर्जी मुकदमों पर सुप्रीम सख्ती, पति पर लगे दुष्कर्म समेत 10 केस किए खारिज

अदालत ने कहा कि सामान्य और व्यापक आरोपों के आधार पर किसी व्यक्ति को आपराधिक मुकदमे का सामना करने के लिए मजबूर करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवादों में बच्चों को भी खींचा जा रहा है और कई मामलों में उन्हें पिता तथा उनके परिवार के खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (29 मई) को वैवाहिक विवादों में झूठे और दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मामलों के बढ़ते चलन पर कड़ी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि अदालतों और वकीलों दोनों की जिम्मेदारी है कि वे व्यक्तिगत रंजिश निकालने के लिए आपराधिक कानून के दुरुपयोग को हतोत्साहित करें।न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज 10 से अधिक आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। इन मामलों में पॉक्सो कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दुष्कर्म के आरोप भी शामिल थे।अदालत ने टिप्पणी की कि, वैवाहिक विवादों के क्षेत्र में तुच्छ और झूठे आरोपों पर आधारित दुर्भावनापूर्ण मुकदमों को न्यायालयों और बार के सदस्यों द्वारा हतोत्साहित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किलों को जीवनसाथी के खिलाफ तुच्छ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाय ऐसा न करने की सलाह देनी चाहिए।वकीलों की सामाजिक जिम्मेदारी का किया जिक्र

दावे विश्वगुरु के, लेकिन एक भी परीक्षा भी नहीं करा सकते, अब CUET को लेकर राहुल गांधी का पीएम पर तंज

एनटीए ने शनिवार को बताया कि देश भर के स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सीयूईटी-यूजी 2026 परीक्षा आज कुछ केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण देरी से शुरू हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसी मामले पर अब केंद्र सरकार के घेरते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्वगुरु बनने के बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार एक भी परीक्षा को ठीक से आयोजित कराने में सक्षम नहीं है।राहुल गांधी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया कि शनिवार को देश भर के स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सीयूईटी-यूजी 2026 परीक्षा कुछ केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण देरी से शुरू हुई।पीएम मोदी पर साधा निशाना
कांग्रेस नेता ने एक्स पर कहा, नीट, सीबीएसई, एसएससी और आज सीयूईटी। चार परीक्षाएं। बच्चे। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के अंदर एक भी परीक्षा ढंग से आयोजित नहीं हो पा रही है। वहीं, वश्वगुरु बनने के दावे किए जा रहे हैं।
उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने पूरी शिक्षा व्यवस्था को तबाह कर दिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता आगे कहा, जिस पीढ़ी का भविष्य आप बर्बाद कर रहे हैं, वही पीढ़ी आपका हिसाब करेगी। कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को यह भी कहा था कि सीबीएसई की परीक्षा में हुई गड़बड़ी पर प्रधानमंत्री का मौन और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई न होना, यह दर्शाता है कि उन्हें केवल अपनी सरकार बचाने की चिंता है, न कि लाखों छात्रों के भविष्य की। पहले भी बोला था सियासी हमला- राहुल गांधी ने इससे पहले उन छात्रों के साथ अपनी एक बातचीत का वीडियो भी साझा किया था, जिन्होंने नीट परीक्षा दी थी और पेपर लीक की घटनाओं के मद्देनजर परीक्षा प्रणाली को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त की थीं।
उन्होंने कहा था कि नीट छात्रों से मुलाकात में एक बात बिल्कुल साफ हो गई - भारत का युवा नरेंद्र मोदी पर भरोसा नहीं करता। लोकसभा में नेता विपक्ष ने कहा, उन्होंने मुझे बताया - पेपर वॉट्सएप और टेलीग्राम पर खुलेआम बिक रहे हैं। किस कीमत पर बिक रहे हैं, कौन खरीद रहा है, माफिया कैसे काम कर रहे हैं - यह सब इन बच्चों को पता है। उनका एक ही सवाल था - जो हमें पता है, वो सरकार और संस्थाओं को क्यों नहीं? सच यह है ये बच्चे सरकार से बेहतर जानते हैं कि इस सड़ी हुई व्यवस्था को कैसे ठीक किया जा सकता है।

मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कॉकरोच जनता पार्टी को बताया नकारात्मक एजेंडा, विपक्ष पर साधा निशाना

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री भूपेंद्र चौधरी शनिवार को बरेली पहुंचे। उन्होंने यहां सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा की। इस दौरान पत्रकार वार्ता में भूपेंद्र चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधा। एक सवाल के जवाब में कॉकरोच जनता पार्टी को नकारात्मक एजेंडा बताया। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार को बरेली के सर्किट हाउस में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जनकल्याणकारी और स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति पर अफसरों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बरेली मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग और सभी जिलों के उपायुक्त उद्योग उपस्थित रहे। मंत्री ने युवाओं को रोजगार सृजक बनाने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं की प्रतिभा को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। सरकार उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। नीट पेपर लीक मामले पर भूपेंद्र चौधरी ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में पुनरावृत्ति न हो।विपक्ष पर साधा निशाना- कॉकरोच जनता पार्टी के सवाल पर मंत्री ने इसे नकारात्मक एजेंडा बताया। उन्होंने कहा कि यह लोगों को गुमराह करने का प्रयास है। देश की जनता सजग है और ऐसी राजनीति करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। यह भी कहा कि सरकार ने विकास यात्रा को तेजी से आगे बढ़ाया है, जिससे विपक्ष हताश है।

फोर्स बुला लो, खाली नहीं करेंगे, सरकारी आवास छोड़ने के नोटिस पर राबड़ी देवी का जवाब

बिहार सरकार के भवन निर्माण विभागने विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को आवंटित सरकारी आवास खाली करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले पर सियासत गरमा गई है। पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने इस मामले में बड़ा बयान दिया है।बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को आवंटित सरकारी आवास को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने उन्हें सर्कुलर रोड स्थित आवास संख्या-10 खाली करने का निर्देश दिया था। अब इस मामले में सियासत गरमा गई है। शनिवार दोपहर पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान राबड़ी देवी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम तो चाहते हैं कि फोर्स बुलाकर खाली करा लें। अगर सरकार को जगह खाली करानी है तो प्रशासन और फोर्स का इस्तेमाल करे, लेकिन हम अपनी जगह खाली नहीं करेंगे। बता दें कि लालू प्रसाद अपने परिवार के साथ फिलहाल सर्कुलर रोड स्थित आवास संख्या-10 में रहते हैं। भवन निर्माण विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि 25 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत नेता प्रतिपक्ष के लिए हार्डिंग रोड स्थित आवास संख्या-39 आवंटित किया गया था। विभाग का कहना है कि नया आवास उपलब्ध कराए जाने के बावजूद राबड़ी देवी ने अब तक सर्कुलर रोड स्थित आवास संख्या-10 खाली नहीं किया है।विभागीय पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 27 मई 2026 को जारी आदेश के तहत उक्त आवास डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित किया जा चुका है। ऐसे में नए आवंटन को प्रभावी बनाने के लिए आवास संख्या-10 को शीघ्र खाली कराना आवश्यक है। संयुक्त सचिव-सह-भू-संपदा पदाधिकारी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इस प्रस्ताव को सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति प्राप्त है। विभाग ने नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी से अनुरोध किया है कि आवास खाली कराने की कार्रवाई जल्द सुनिश्चित की जाए।

संपादकीय Editorial

Sukhu in Children's Curriculum

If a state's Chief Minister's engagements include schools, it's a heartening message. Himachal Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu is constantly patrolling schools, fielding questions from children. Clearly, within this program, students themselves are providing feedback and suggestions on education. It's a different matter that governments are accustomed to making decisions, but here, children are creating their own curriculum. If children in Nerwa want to learn foreign languages, the seeds of a "global identity" have reached Himachal's government schools. If students studying IT are demanding job training, the ambition of a generation has moved on to the next level. Clearly, the current government wants to change school conditions, student attendance, and exam results. In this context, a vision for continuous improvement has been developed. Unnecessary schools were identified because evidence of inadequacy was found. The government structure alone cannot provide information about the school of the future, so the participation of students and parents in the environment is being tested. If Nerwa School is being allowed to speak to the government itself, then the children's questions aren't trivial. If they want to raise the educational level of MLAs, then this is a fundamental question. Why are exams merely a means to access government jobs, and why aren't some basic educational level mentioned in the requirements for contesting elections? If children are allowed to speak, then questions will also be raised about political personalities. In the Nerwa School premises, the children were able to ask so many questions with originality and independence, which even the media doesn't ask anymore. Politics, in its practice, views journalism as an arena, but here, the student community was given ample opportunity to speak, and the questions went beyond the cleanliness and condition of public toilets to the traffic jams on the roads. However, the Chief Minister's school visit is advocating for the students' confidence. On the other hand, it is also being examined what the reality of the changes he has implemented is. To foster deep reflection on students' personality development in schools, Himachal's concerns, extra-academic behavior and social etiquette, motivation to progress in life, and the relevance of learning, it is essential to change the perspective of government schools and create an energetic environment. The Sukhu government has fostered a sense of quality by broadening the scope of thinking and acknowledging the relevance of education, opening a new foundation for the education system. The discovery that government schools can establish standards under the CBSE is energizing the entire department. Teachers who have left their regular classrooms and entered the competition to certify themselves in accordance with the CBSE will only see improvement. Furthermore, if the government intends to improve the standards of 300 schools under the School Education Board, a class has been set up for the first time to challenge private schools. However, the educational landscape is being measured through informal conversations. To transform any school, hospital, or departmental office into an institution, it's essential that the environment there embodies all the qualities of trustworthiness, self-confidence, motivation, encouragement, accountability, transparency, and competition. Clearly, the Chief Minister will need to implement a similar direct feedback system for healthcare institutions. If suggestions are sought from consumers, not just ordinary employees, to improve the Himachal Road Transport Corporation or other loss-making corporations, these public enterprises will also be able to protect their vitals.

The Meaning of Women at the Top

This is the land of social reformers like Raja Rammohan Roy, where they led movements against the practice of Sati and child marriage, and in support of widow remarriage and women's education. Women leaders also practice nepotism and corruption. The violence after the Bengal elections exposed the plight of women. Can women in power change the old order? Mamata Banerjee is in trouble after her defeat in Bengal. Her own allies are turning against her. Mamata is demonstrating how leaders who always invoke the Constitution and democracy refrain from resorting to lies when election results are not in their favor. Why do leaders assume that a state is their personal fiefdom and they will remain there forever? Two strands of debate are circulating regarding Mamata's defeat. One side claims that her defeat was due to her party's hooliganism, dictatorial policies, extortion, corruption, and Hindu anger. The other side claims that her defeat has ended democracy in the country, and fascism has arrived. Those who harp on fascism don't mention whether they could have spoken so much during the Emergency or under the regimes of Hitler, Mussolini, Mao, Stalin, Xi Jinping, Kim Il Sung, and Kim Il Jong, among others. They could have written whatever they wanted on digital media. This author witnessed the Emergency, where anyone could be arrested without any investigation, and their whereabouts were never known. The Emergency was also imposed by a woman leader, Indira Gandhi. Many supporters of democracy were stunned then. Government officials were regularly stationed in television, radio, and newspapers, monitoring every news item. Only then could it be published or broadcast. Mayawati, the Chief Minister of Uttar Pradesh, significantly improved the law and order situation in the state, but she too faced corruption charges, though they were never proven. Like Mamata Banerjee a few years ago, she also appointed her nephew as her successor. When Jayalalithaa came to power in Tamil Nadu, her close friend Sasikala became dominant. Jayalalithaa also faced numerous allegations of corruption. She was the first Chief Minister to be imprisoned while in office. While Sheila Dikshit was Chief Minister of Delhi, she certainly contributed significantly to the development of Delhi's infrastructure, but she too faced allegations of corruption. She also tried to promote her son. Lalu Prasad Yadav appointed his wife, Rabri Devi, as Chief Minister of Bihar. She too has been accused of involvement in the land-for-jobs and IRCTC scams. The trial is ongoing. Her successors have been Tejashwi Yadav and Misa Bharti. Why is it that, upon reaching the top, many women find the path they challenged convenient. Why don't they find anyone else worthy of a successor other than their own relatives? How important is the idea that women alone can save the world from destruction? They too are part of this patriarchal society, so knowingly or unknowingly they adopt the same practices. So, what changes do they make while at the top? The saying goes, "Absolute power corrupts absolutely," or the Hindi proverb, "How wise can one even enter a kohl room?" These seem true. It's often said that if women reach the pinnacle of power, they can change people's destinies, because they are not corrupt. They take initiatives to improve water, sanitation, nutrition, schools, roads, and so on. Many women village heads are often published about how they have transformed villages through their efforts. We are often compared to other countries, saying, "Look how good it is there," but in America, a criminal is neither a woman nor a man; they are simply a criminal. There is no rule that male police officers cannot apprehend a female criminal. Nor, unlike in India, is there a rule that a female criminal cannot generally be apprehended after sunset. There, neither being a woman matters in criminal cases, nor does the question of color, language, region, or province arise. In our country, as soon as someone commits a crime, their caste, gender, religion, and language are considered. Ever since the Bengal elections, I've seen countless horrific videos and reels. Women there report that their husbands and sons were dragged from their homes and killed in front of them over trivial matters. Rape of girls, kidnapping, seizure of homes and land, and the removal of cattle were commonplace. The police offered no assistance. Some women said that during elections, white saris were sent to their homes, warning them to wear them if they didn't vote for them. This meant they would become widows. Isn't it surprising to see how tragic it is to be a widow in Bengal even today? Most of the widows in Vrindavan come from Bengal. Their families abandon them there. This is the land of social reformers like Raja Rammohan Roy, where he led movements against the practice of Sati and child marriage, and in support of widow remarriage and women's education.

Change in Karnataka

Siddaramaiah, who agreed to resign, admitted that he had done as the high command asked, but he was not willing to enter the Rajya Sabha. Siddaramaiah resigned as Chief Minister of Karnataka. DK Shivakumar will now become the new Chief Minister of Karnataka. Questions have arisen within the Congress party regarding the two-and-a-half-year agreement. Finally, Karnataka Chief Minister Siddaramaiah resigned, paving the way for Deputy Chief Minister DK Shivakumar to succeed him. A leadership change in Karnataka had been discussed for a long time and there was ongoing tussle, but nothing was finalized. Shivakumar claimed that at the time of government formation in 2023, he and Siddaramaiah had agreed to hold power for two-and-a-half years each, but the Congress leadership did not confirm this. The leadership change now, three years later, indicates that the two leaders had indeed reached an agreement to take turns as Chief Minister, and the Congress high command was aware of this. If so, why the six-month delay? This question reflects a failure on the part of the Congress leadership, and especially Rahul Gandhi. This is all the more so because it is being said that the leadership change was ensured only when Priyanka Gandhi intervened. If this is true, then the old question will arise again: why is Rahul Gandhi unable to take timely decisions? It should be noted that Mallikarjun Kharge may be the Congress President, but it is Rahul Gandhi who takes the major decisions of the party. Siddaramaiah, who agreed to resign, admitted that he did as the high command asked, but he was not ready to enter the Rajya Sabha. In a way, he sent a message to the Congress leadership that he was not satisfied and would pursue state politics according to his own wishes. Although Shivakumar touched his feet and sought his blessings upon his resignation, it is difficult to say that their relationship will remain normal and factionalism will not be encouraged in the Karnataka Congress. It should not be overlooked that similar tussles have previously occurred in Rajasthan and Chhattisgarh over alternating leadership. In Rajasthan, tensions continued between Ashok Gehlot and Sachin Pilot over the two-and-a-half-year tenures, and in Chhattisgarh, tensions continued between Bhupesh Baghel and TS Singh Deo. The Congress leadership was unable to resolve the feud between its leaders in these two states, nor was it able to clarify whether they had reached an agreement to serve as Chief Ministers for two and a half years each. In Punjab, it forced Chief Minister Amarinder Singh to resign to appease Navjot Singh Sidhu, resulting in factionalism that led to a crushing defeat for the party. Congress failed to salvage Rajasthan and Chhattisgarh either. Only the assembly elections in two years will tell what will happen in Karnataka.

The failure of the entire system

At least in this case, it must be said, "Long live the media trial." It's clear that when all three pillars of the system begin to disappoint, the fourth pillar emerges as a ray of hope. The failures of the police, administration, and judiciary were exposed. Media intervention moved the case in the right direction. Questions were raised about the disregard for dowry laws. The manner in which the Madhya Pradesh government, Bhopal police, and judicial officials handled the case of Twisha Sharma's death is a sign of the failure of all organs of the state system: the elected government, the police administration, and the subordinate judiciary. Had the media not intervened, the collusion between these organs would have completely destroyed citizens' trust in the entire system. It is shameful to witness such a collapse of the system even after 80 years of independence. The death of the beautiful actress Twisha Sharma under suspicious circumstances has raised many questions. For example, despite her death on May 12th, the police did not even register an FIR until May 15th. Twisha's mother-in-law, Giribala Singh, is a retired judge, and her husband, Samarth Singh, is a lawyer. While the FIR was delayed, Giribala Singh not only easily obtained anticipatory bail but also was given unrestricted access to the crime scene. It's good that the High Court rejected her bail and the CBI arrested her, but before that, she had the freedom to examine all the evidence at her own convenience. She also made phone calls to various officials in the police and judicial system, including the Lokayukta, a DG-rank police officer, and a district judge. It's rare to recall another instance where a judge has granted such free rein to a potential accused in a case to tamper with evidence. Samarth Singh also went underground for nearly ten days. When the issue gained traction in the media, the Chief Minister agreed to meet Twisha's family, and the case was handed over to the CBI for investigation. However, this only happened until May 25th. The state even agreed to a second post-mortem, but only on May 24th, 12 days after the death. The police's laxity in this entire case and the anticipatory bail granted to the mother-in-law should shock the conscience of anyone familiar with the intricacies of cruelty against women in in-laws' homes and the Dowry Prohibition Act. Section 117 of the Indian Evidence Act (BSA) (formerly Section 113A of the Indian Evidence Act) clearly states, "When a question arises in relation to the suicide of a woman within seven years of her marriage as to whether her suicide was the result of provocation or cruelty by her husband or any of his relatives, the Court may, after taking all the circumstances into account, presume that the suicide was the result of provocation by her husband or any of his relatives." Section 118 of the Indian Evidence Act is even more clear and effective. According to it, "When the question is whether a person has committed the murder of a woman for dowry and, immediately before her death, such woman was subjected to cruelty or harassment by that person for or in connection with any demand for dowry, the court shall be bound to hold that the same person is responsible for the dowry murder." The increasing number of dowry deaths in the country led Parliament to amend the law and make it more stringent in the 1980s. Section 85 of the newly enacted Indian Penal Code also provides for imprisonment of up to three years for a husband or a relative of a husband who subjects a woman to cruelty. Similarly, Section 86 defines "cruelty."

ठाकुरद्वारा में वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत; दादा-पोती गंभीर घायल

ठाकुरद्वारा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार परिवार सड़क पर जा गिरा। इसमें दंपती की मौत हा गई। इसके अलावा दादा और पोती गंभीर जख्मी हैं। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।ठाकुरद्वारा-करनपुर मार्ग पर रानी नांगल के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार परिवार हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में गांव अब्दुलापुर निवासी सानिव और उनकी पत्नी खैरुल निशा की मौत हो गई।पिता तसब्बुर और पुत्री जिया गंभीर रूप से घायल हैं। परिजनों ने बताया कि बाइक पर सवार होकर परिवार किसी काम से जा रहा था। रानी नांगल के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने सानिव और उनकी पत्नी खैरुल निशा को मृत घोषित कर दिया।तसब्बुर और जिया का उपचार चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय सपा विधायक नवाब जान खां अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुर्घटना पर गहरा दुख जताया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

चाइनीज मांझा फिर बना हादसे की वजह, मासूम बच्ची की गर्दन कटी, लगाने पड़े 50 टांके

पिता के साथ बाइक पर ईद के मेले जा रही बच्ची आई चाइनीज मांझे की चपेट में- चाइनीज मांझे की वजह से सिलसिला सख्ती के चाइनीज चोरी छिपे ही रहा है। इस खतरनाक मासूम बच्ची में पड़ गई। की वजह से सिलसिला सख्ती के

हादसों की जारी है। लाख बावजूद धड़ल्ले से मांझा बाजार में सही मगर बिक बार रामपुर में मांझे की वजह से की जान आफत चाइनीज मांझे हादसों की जारी है। लाख बावजूद धड़ल्ले से चाइनीज मांझा बाजार में चोरी छिपे ही सही मगर बिक रहा है। इस बार रामपुर में खतरनाक मांझे की वजह से मासूम बच्ची की जान आफत में पड़ गई। बाइक पर हुआ हादसा- घटना शुक्रवार देर शाम बावनपुरी इलाके की है। चाइनीज मांझे की चपेट में आकर चार वर्षीय बच्ची की गर्दन कट गई। बाइक सवार बच्ची अपने पिता के साथ आगे बैठी थी। इसी दौरान हादसा हो गया। आनन फानन में बच्ची को डॉक्टर के यहां ले जाया गया। परिवार ने चाइनीज मांझा बेचने वालों और मांझे से पतंग उड़ाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।ईद का मेला देखने जा रही थी बच्ची- मुंबई के व्यापारी तारिक खान मजार शाह बगदादी रामपुर में अपने घर ईद की छुट्टियां मनाने आए थे। शुक्रवार को वह अपने परिवार के साथ ईद के मेले जा रहे थे। बिलासपुर गेट पर बाइक में पेट्रोल डलवाकर जब लौटे तो चाइनीज मांझे से बच्ची सारा खान की गर्दन कट गई। पास के क्लीनिक पर बच्ची का इलाज कराया गया, जहां उसकी गर्दन में 50 टांके आए हैं। हालांकि डॉक्टरों ने बच्ची को खतरे से बाहर बताया है।

UP में निजी जिमों के लिए नए नियम लागू: बिना रजिस्ट्रेशन नहीं चलेंगे फिटनेस सेंटर, CCTV और महिला ट्रेनर अनिवार्य

जिम संचालकों पर दुष्कर्म के मामलों के बाद यूपी सरकार ने निजी जिमों और फिटनेस सेंटरों के लिए नए नियम बनाए हैं। अब पंजीकरण, सीसीटीवी, महिला ट्रेनर और पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिले में बिना पंजीकरण और सुरक्षा मानकों के चल रहे निजी जिम, फिटनेस सेंटर, स्पोर्ट्स क्लब और स्विमिंग पूल पर सख्त कार्रवाई की तैयारी है। हाल ही में शहर के हिमगिरी स्थित जिम संचालक पर दुष्कर्म और ब्लैक मेलिंग का मुकदमा दर्ज होने के बाद जिले में निजी जिमों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। वहीं बरेली में भी एक निजी जिम संचालक और उसके भाई पर महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म, ब्लैक मेलिंग और रुपये वसूलने के आरोप सामने आए हैं। इन घटनाओं के बाद सरकार ने महिला सुरक्षा और जिमों की निगरानी को लेकर सख्त नियम लागू करने की तैयारी तेज कर दी है। नियम के तहत अब खेल विभाग जिम, फिटनेस सेंटर और स्पोर्ट्स क्लबों पर सख्त निगरानी करेगा। नए प्रस्ताव के तहत अब हर जिम में सीसीटीवी कैमरे, महिला ट्रेनर और कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा।बिना पंजीकरण संचालित जिमों पर कार्रवाई के साथ सीलिंग भी की जा सकेगी। खेल विभाग ने ऐसे संस्थानों को सीधे अपने नियंत्रण में लाने का फैसला किया है। नए प्रस्ताव के तहत अब प्रदेश के हर व्यावसायिक जिम और फिटनेस सेंटर को जिला खेल अधिकारी से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) और पंजीकरण लेना अनिवार्य होगा।बिना मान्यता के संचालित जिमों पर कानूनी कार्रवाई के साथ सीलिंग की तलवार लटक गई है। प्रदेश सरकार का मानना है कि तेजी से बढ़ते निजी जिमों में सुरक्षा, प्रशिक्षकों की गुणवत्ता और खिलाड़ियों के रिकार्ड को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। कई स्थानों पर रिहायशी इलाकों और होटलों में बिना अनुमति फिटनेस सेंटर चलाए जा रहे हैं, जिससे सुरक्षा और मानकों पर सवाल उठ रहे हैं। 15 हजार होगी फीस-खेल विभाग की ओर से तैयार प्रस्ताव के अनुसार जिम और स्पोर्ट्स क्लबों के पंजीकरण की प्रक्रिया आनलाइन की जाएगी। इसके लिए खेल साथी पोर्टल पर नया विकल्प जोड़ा दिया गया है। अभी पंजीकरण शुल्क 15 हजार रुपये प्रतिवर्ष करने की तैयारी है। यह राशि जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला खेल प्रोत्साहन समिति के खाते में जमा होगी। खेल विभाग के नए नियमों की प्रस्तावित गाइडलाइन- जिम परिसर में हर समय चालू हालत में सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। सभी ट्रेनर और कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। महिला सदस्यों के लिए महिला ट्रेनर की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। उभरते खिलाड़ियों का बड़ा डेटाबेस तैयार करेगा। बाडी बिल्डिंग, फिटनेस और अन्य खेल गतिविधियों से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं और खेल कोटे का लाभ देने की योजना है। अधिकारियों का मानना है कि कई प्रतिभाएं छोटे जिमों तक सीमित रह जाती हैं। पंजीकरण व्यवस्था लागू होने से ऐसे खिलाड़ियों तक विभाग की पहुंच आसान होगी।नया नियम बन गया है जिसमें सभी निजी जिमों, स्वीमिंग पुल और फिटनेस सेंटरों को निर्धारित मानकों का पालन करना होगा। बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी निगरानी करेंगे।- डॉ. आरपी सिंह, खेल निदेशक।

ठाकुरद्वारा में ग्रामीण बैंक शाखा में लगी आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

ठाकुरद्वारा स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा में आग लग गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ठाकुरद्वारा शाखा में शुक्रवार सुबह आग लगने से अफरा तफरी मच गई। बैंक की दूसरी मंजिल से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस, दमकल विभाग और नगर पालिका को

सूचना दी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकाबैंक के पास स्थित सीमा मेडिकल स्टोर के संचालक यासीन खां ने सबसे पहले बैंक की दूसरी मंजिल से धुआं निकलते देखा। उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर दमकल विभाग और नगर पालिका की टीम पानी के टैंकरों के साथ मौके पर पहुंची।बैंक भवन के पिछले हिस्से से सीढ़ी लगाकर दमकल कर्मी और अन्य कर्मचारी अंदर पहुंचे तथा आग बुझाने का अभियान शुरू किया। करीब दो घंटे तक चले राहत और बचाव कार्य के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग बुझाने में नगर पालिका की टीम और स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया।बैंक के शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। प्रारंभिक जांच में बैंक के अंदर रखा फर्नीचर, विद्युत वायरिंग और अन्य सामान जलकर नष्ट होने की बात सामने आई है। हालांकि बैंक का स्ट्रांग रूम और लॉकर पूरी तरह सुरक्षित पाए गए जिससे किसी तरह की नकदी या महत्वपूर्ण दस्तावेजों के नुकसान की सूचना नहीं है।

रामपुर में 'ऑपरेशन भैंस': कुर्बानी से पहले छत पर चढ़ी, पकड़ने गए लोगों को दौड़ाया

टांडा के गांव मुतियापुरा में बकरीद की कुर्बानी के लिए लाई गई भैंस कसाई के हाथ से छूटकर मकान की छत पर चढ़ गई। उसे नीचे उतारने के लिए ग्रामीणों ने घंटों प्रयास किए। इसके बाद वह छत से नीचे कूद गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। रामपुर जिले के टांडा तहसील क्षेत्र के गांव मुतियापुरा में बकरीद पर एक भैंस ने छत पर चढ़ गई। उसके इधर-उधर दौड़ने लगी। अफरा तफरी मचने के बाद मौके पर भीड़ जुट गई।दरअसल, कुर्बानी के लिए लाई गई भैंस

अचानक कसाई के हाथ से छूट गई और भागते-भागते मकान की छत पर जा चढ़ी। भैंस को नीचे उतारने के लिए ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत की।कई लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की लेकिन हर बार उन्हें चकमा देती रही। कभी एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ती तो कभी पकड़ने वालों की ओर झपट पड़ती। इससे मौके पर हंगामा मच गया। भैंस के छत पर चढ़ने की खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते वहां तमाशबीनों की भीड़ लग गई। लोग अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाने लगे। इस बीच भीड़ की आवाज सुनकर और लोगों के भगाने पर भैंस छत से नीचे कूद गई। उसके पैर में चोट लग गई। काफी देर तक चले ग्रामीणों के %ऑपरेशन भैंस% का अंत हुआ। अब घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

संक्षिप्त समाचार

यात्री ध्यान दें... शाहजहांपुर-रोजा में चार जून तक ब्लॉक, कई ट्रेनें चार घंटे तक रहेंगी लेट

उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के शाहजहांपुर और रोजा स्टेशनों पर 29 मई से 4 जून तक ट्रैक टैम्पिंग कार्य के कारण ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा। इससे कई एक्सप्रेस ट्रेनें चार घंटे तक देरी से चलेंगी, जबकि कुछ पैसेंजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा।उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के शाहजहांपुर एवं रोजा स्टेशन पर रेल पटरियों की मजबूती और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए ट्रैक टैम्पिंग कार्य किया जाएगा। इसके लिए 29 मई से चार जून तक ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। कई एक्सप्रेस ट्रेनें चार-चार घंटे देरी से चलाई जाएंगी, जबकि कुछ पैसेंजर ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन और ओरिजिनेशन किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के

अनुसार ट्रैक टैम्पिंग के तहत पटरियों के नीचे बिछी गिट्टी को विशेष मशीनों से व्यवस्थित और मजबूत किया जाता है। इससे ट्रैक की स्थिरता बढ़ती है और ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित व सुगम बनता है। यह रेलवे ट्रैक के नियमित अनुरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है।लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 230 मई और दो जून को चार घंटे देरी से चलेगी

ट्रेन संख्या संख्या 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस 29 मई को टनकपुर से 240 मिनट देरी से चलेगी। गाड़ी संख्या 15076 त्रिवेणी एक्सप्रेस 31 मई और तीन जून को टनकपुर से चार घंटे विलंब से रवाना होगी। ट्रेन संख्या 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 28 मई, 30 मई और दो जून को जम्मूतवी से 240 मिनट पुनर्निर्धारित होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 28 मई, 30 मई और दो जून को लालगढ़ से चार घंटे देरी से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 13042 जम्मूतवी-हावड़ा एक्सप्रेस 28 मई को जम्मूतवी से 240 मिनट पुनर्निर्धारित होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 15098 जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस 2 जून को जम्मूतवी से तथा गाड़ी संख्या 12588 जम्मूतवी-गोरखपुर एक्सप्रेस 30 मई को जम्मूतवी से चार घंटे देरी से चलाई जाएगी। पैसेंजर ट्रेनों का बदला संचालन ट्रेन संख्या 55059 सीतापुर-शाहजहांपुर पैसेंजर 30 मई और एक जून को रोजा स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी। वहीं ट्रेन संख्या 55060 शाहजहांपुर-सीतापुर पैसेंजर उक्त तिथियों में रोजा स्टेशन से ही शार्ट ओरिजिनेट की जाएगी।सीनियर डीसीएम महेश यादव ने बताया कि शाहजहांपुर-रोजा में 29 मई से चार जून तक पटरियों पर काम होगा। जिससे ब्लाक लिया जा रहा है।

मुरादाबाद में 26 घंटे बिजली गुल, रात 12 बजे MLC का घर घेरा; अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन

मुरादाबाद में तेज हवा और बरसात के कारण 26 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोग परेशान हो गए। नाराज निवासियों ने भाजपा एमएलसी गोपाल अंजान के आवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया, जहां एमएलसी ने अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया।मुरादाबाद में तेज हवा से 26 घंटे बिजली गुल। नाराज लोगों ने एमएलसी का घर घेरा। एमएलसी ने बिजली अधिकारियों को फोन मिलाया, पर जवाब नहीं। तेज हवा और बरसात के चलते गुरुवार की रात करीब दस बजे शहर समेत पूरे जिले की बिजली गुल हो गई थी। दोपहर तक शहर के अधिकांश मुहल्लों में बिजली आ गई थी, लेकिन नया मुरादाबाद, 52 कोठी, रेल विहार, रेल कुंज, समेत दिल्ली रोड की कई कालोनियों में जब 26 घंटे बाद भी बिजली नहीं पहुंची तो लोग नाराज हो उठे। आधी रात को पहले लोग विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे। यहां पर जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया, लेकिन इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने पर वह महिलाओं के साथ एमएलसी गोपाल अंजान व्यस्त के आवास पर पहुंच गए। आवास का घेराव करते हुए नारेबाजी करनी शुरू कर दी।26 घंटे बाद भी बिजली न मिलने से गुस्साए लोग एमएलसी ने लोगों के बीच पहुंचकर बिजली विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को फोन किए, लेकिन पुलिस के अलावा किसी ने उनका फोन रिसीव नहीं किया। इसके अलावा शहर के दौलत बाग, नागफनी, दीवार का बाजार, तहसील स्कूल, बंगला गांव, डिप्टी गंज, अंडे वालान, अकबर कंपाउंड, डहेरिया मुहल्ला, तारों वाली गली, शिव विहार कालोनी, होलिका मैदान समेत आधे शहर की बिजली शुक्रवार दोपहर तक गुल रही।एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त लोगों के बीच बैठ अफसरों को मिलाते रहे फोन दिल्ली रोड स्थित नया मुरादाबाद समेत कई कॉलोनी के लोग शुक्रवार की रात करीब 12 बजे तक बिजली का इंतजार करते रहे, लेकिन 26 घंटे बाद भी जब लोगों को बिजली नहीं मिली तो वह विद्युत उपकेंद्र होते भाजपा एमएलसी के आवास पर पहुंच गए। लोगों ने घर का घेराव करते हुए नारेबाजी करनी शुरू कर दी। नहीं हुआ फोन रिसीव- घर के बाहर नारेबाजी होता देख एमएलसी लोगों के बीच आ गए। उन्होंने लोगों का आक्रोश देखते हुए तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन मिलाना शुरू कर दिया, लेकिन किसी ने भी उनका फोन रिसीव नहीं किया। आने से घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार बिजली विभाग को शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। कंजरी सराय के काजी सराय में आंधी के चलते एक बिजली का खंभा झुक गया था। इसके चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हुई।रात में जब तेज हवा शुरू हुई तो उसी समय बिजली गुल हो गई। पूरी रात बिजली गायब रही। लोग पूरी रात नहीं सो पाए। अधिकारियों को फोन किया तो किसी ने रिसीव भी नहीं किया। दोपहर में बिजली मिली। साहिल शम्सी, डहरिया मुहल्ला% %अचानक तेज आंधी आई और उसके साथ ही बिजली गुल हो गई। लोग रातभर जागते रहे। बिजली विभाग के नंबर पर लगातार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। परवेज, अकबर कंपाउंड% %तेज हवा शुरू होते ही इलाके की बिजली चली गई और पूरी रात नहीं आई। लोगों को मोबाइल की रोशनी में रात काटनी पड़ी। अधिकारियों को कई बार काल किया गया, मगर किसी ने रिसीव नहीं किया। जतिन, बंगला गांव% %रात करीब दस बजे तेज हवाएं चलीं और उसी समय बिजली गुल हो गई। पूरी रात लोग गर्मी और उमस से परेशान रहे। रात में सो नहीं सके। सड़कों पर खड़े होकर किसी तरह रात गुजारी। मनु ठाकुर, डिप्टी गंज% %पूरी रात इलाके में अंधेरा छाया रहा और लोग सो नहीं पाए। बिजली विभाग को सूचना देने के लिए कई बार फोन किया गया, लेकिन कहीं से कोई जवाब नहीं मिला। दोपहर में बिजली बहाल होने के बाद राहत मिली। फरीद, दौलत बाग

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

परिवहन विभाग का अवैध बसों और डग्गामार वाहनों पर कसा शिकंजा , 12 वाहन बंद

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । परिवहन विभाग ने अवैध यात्री वाहनों और अवैध स्टैंड संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के निर्देशन में 29 और 30 मई को सैटेलाइट बस स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना वैध परमिट, फिटनेस, बीमा और जरूरी दस्तावेजों के संचालित हो रहे वाहनों की सघन जांच की गई। कार्रवाई में एक अवैध बस का चालान किया गया, जबकि 12 डग्गामार ईको वाहनों को बंद कराया गया। इतना ही नहीं, बस स्टैंडों के आसपास संचालित हो रहे अवैध स्टैंडों को भी हटवाया गया और संबंधित संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों और संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा केवल वैध परमिट और निर्धारित शर्तों के अनुसार ही वाहन संचालन करें।

56 भोग, गोवर्धन पूजा और भक्ति का महासंगम: गोविंद देव गिरी ने सुनाया जीवन का सार



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्री हरि मंदिर, मॉडल टाउन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर गोवर्धन पूजा पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री ठाकुर जी को 56 भोग अर्पित किए गए। परम पूज्य राष्ट्रीय संत गोविंद देव गिरी जी महाराज ने कथा व्याख्यान में कहा कि मनुष्य की महानता उसके उपयोगी होने में है। जीवन तभी सार्थक है जब वह समाज, राष्ट्र और मानवता की भलाई के लिए समर्पित हो। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि संकट के समय जब सभी साथ छोड़ देते हैं, तब सच्चे मन से की गई भगवान की प्रार्थना ही जीवन का सहारा बनती है। कथा से पूर्व महाराज ने श्री युगल जोड़ी सरकार एवं अन्य देवी-देवताओं के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिला मंडल की सदस्याओं ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि प्रतिदिन कथा से पूर्व डॉ. बृजेश यादव द्वारा सायं 4:30 से 5:30 बजे तक मानस चर्चा भी आयोजित की जा रही है। कथा के अंत में रवि छाबड़ा ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बरेलीवासियों के लिए यह आध्यात्मिक आयोजन परम सौभाग्य का विषय है। कार्यक्रम में सुशील अरोड़ा, विश्वनाथ सेकसरिया, कृष्ण कुमार मोहता, राज कुमार अग्रवाल, अनिल अरोड़ा, संजय आनंद, गोविंद तनेजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

हिंदू जागरण मंच व स्वाभिमान सुरक्षा समिति ने चौकी प्रभारी से की शिष्टाचार भेंट

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। हिंदू जागरण मंच एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों ने जिला सहप्रचार प्रमुख सर्वेश सैनी के नेतृत्व में रिठौरा चौकी इंचार्ज राजीव कुमार शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने चौकी प्रभारी को भगवान श्री राधाकृष्ण की प्रतिमा और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। चौकी प्रभारी से मुलाकात के दौरान जिला सहप्रचार प्रमुख सर्वेश सैनी ने कहा कि उनका संगठन सदैव न्याय हित और जनहित के लिए कार्य करता है। संगठन के पदाधिकारियों ने चौकी इंचार्ज से नगर की विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने नगर में श्मशान भूमि के बाहर फैले अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने, स्थानीय धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने तथा प्रसिद्ध भीमसेन मंदिर के चबूतरे पर लगने वाले चाट-पकौड़ी के ठेलों को हटवाने का आग्रह किया, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। चौकी प्रभारी ने समस्याओं पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से हरिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, तेजपाल सक्सेना, सुरेंद्र गंगवार, अंकुश गुप्ता, ओमप्रकाश, ओमवीर गोस्वामी, मोनू गुप्ता, राजू यादव, लेखराज कश्यप, अनिल पटेल, भानू प्रताप, रंजीत, रामसिंह, अनिल सक्सेना, प्रदीप राठौर और बेंचे लाल सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

बिजली बचाइए, रोशनी बांटिए– डीएम अविनाश सिंह की जनपदवासियों से अपील, एक यूनिट बचाकर बनें हजारों घरों की उम्मीद

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली ।जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपदवासियों से बिजली बचाने की भावुक और महत्वपूर्ण अपील की है। डीएम ने कहा है कि आपका एक छोटा सा सहयोग हजारों घरों में रोशनी बनाए रख सकता है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि गर्मी अपने चरम पर है और बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। प्रशासन और बिजली विभाग दिन-रात निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटे हैं, लेकिन यह जिम्मेदारी केवल विभाग की नहीं बल्कि पूरे समाज की है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घर में बचाई गई थोड़ी सी बिजली किसी दूसरे परिवार के अंधेरे को दूर कर सकती है। किसी बुजुर्ग को राहत, किसी बीमार व्यक्ति को सुविधा और किसी मासूम बच्चे को सुकून भरी नींद दिला सकती है। डीएम ने विशेष रूप से शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक के पीक ऑवर्स में वाशिंग मशीन, वाटर पंप, हीटर और अन्य भारी विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचने की सलाह दी। साथ ही एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने और आवश्यकता के अनुसार ही एयर कंडीशनर चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक प्रतिदिन केवल एक यूनिट बिजली बचाने का संकल्प ले, तो लाखों यूनिट बिजली की बचत संभव है। इससे बिजलीघरों पर भार कम होगा, ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहेंगे और पूरे जनपद में बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

युवाओं ने उठाया तंबाकू मुक्त भारत का बीड़ा, मैस्कॉट कॉलेज में गूंजी जागरूकता की हुंकार!

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर मैस्कॉट डिग्री कॉलेज में एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तंबाकू और धूम्रपान के खतरनाक दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा तंबाकू मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया गया। रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिठौरा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों ने युवाओं को बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। विशेषज्ञों ने कहा कि नशे की यह लत न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है बल्कि परिवार और समाज पर भी बुरा प्रभाव डालती है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. रजनीश पठानिया और डॉ. रश्मि कत्याल के नेतृत्व में किया गया। वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहें और अपने मित्रों, परिवार तथा समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने तंबाकू मुक्त समाज बनाने का संकल्प भी लिया। जागरूकता अभियान में डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. स्वाति मोहन, डॉ. रजत, डॉ. अभिनव अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जयकरन माथुर, डॉ. सोमा गौड़, संध्या गंगवार, कासिम हुसैन, कुलदीप गंगवार, पूजा शर्मा, अनिल कुमार, अरमान अली, दीपमाला और राजीव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

जनगणना-2027 की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, जनगणना सेल का औचक निरीक्षण



क्यूँ न लिखूँ सच / पीलीभीत। जनगणना-2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनगणना सेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित कार्य संपादन के निर्देश दिए। डीएम ने जनगणना से संबंधित अभिलेखों, डाटा संकलन, मकानीकरण और अन्य तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े सरकार की विकास योजनाओं, नीतियों और संसाधनों के निर्धारण का आधार होते हैं। इसलिए प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और गंभीरता के साथ कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनगणना सेल में उपलब्ध संसाधनों एवं कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। डीएम के औचक निरीक्षण से अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सक्रियता बढ़ी दिखाई दी। इस दौरान जनगणना सेल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण, बंदियों से सीधे संवाद कर जानी समस्याएं

